# राघौगढ़ में पटवारी का पुतला फूंका

## जिलाध्यक्ष बनाने के फैसले ने खोली कांग्रेस की अंदरूनी कलह

▸ जयवर्धन की नियुक्ति से भड़के कांग्रेस कार्यकर्ता

**गुना, 17 अगस्त. कांग्रेस में संगठनात्मक फेरबदल के बाद सियासत गरमा गई है. राघौगढ़ विधायक और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह को गुना जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने के फैसले ने जहां राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है, वहीं दूसरी ओर पार्टी के भीतर आक्रोश भी खुलकर सामने आ गया है.**



शनिवार रात को ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सडक़ों पर उतरकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला दहन कर अपना गुस्सा जाहिर किया. कार्यकर्ताओं का आरोप है कि आलाकमान ने यह फैसला संगठन को मजबूत करने के बजाय जयवर्धन सिंह के कद को छोटा करने और उनकी राजनीति को सीमित करने के लिए लिया है. इस घटना ने न केवल गुना बल्कि प्रदेश की राजनीति को भी हिला दिया है. दिग्विजय सिंह के बेटे और कांग्रेस के युवा चेहरे जयवर्धन सिंह को अचानक जिला स्तर की जिम्मेदारी देना कई सवाल खड़े करता है. प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर कहा कि यह निर्णय कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति और नेतृत्व की खींचतान का परिणाम है.

### सिंधिया के गढ़ में नई रणनीति!

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जयवर्धन सिंह को जिलाध्यक्ष बनाना दो तरह से देखा जा सकता है. पहला, कदम के जरिए सिंधिया के गढ़ गुना में एक मजबूत चेहरा खड़ा करना चाहती है, ताकि भाजपा के सामने मजबूती से टक्कर दी जा सके. वहीं इसे जयवर्धन का डिमोशन भी कहा जा रहा है, क्योंकि प्रदेश स्तर पर उभरते नेता को जिला स्तर पर सीमित करना उनके राजनीतिक करियर के लिए झटका माना जा रहा है.

# 52 लाख की ठगी के मास्टरमाइंड हुए प्रयागराज से गिरफ्तार

**ग्वालियर 17 अगस्त.** ग्वालियर पुलिस ने 52 लाख रुपए की ठगी के मास्टर माइंड को गिरफ्तार किया है. वह 9 साल से फरार था और अखाड़े में साधु बनकर रह रहा था, पुलिस ने उसे प्रयागराज से पकड़ा है. पकड़ा गया आरोपी शातिर ठग कुमार पिंटू सिंह को ग्वालियर लाया गया है. पुलिस ने उससे पूछताछ शुरू कर दी है. उसकी गिरफ्तारी से राज्य साइबर पुलिस जोन ग्वालियर के हाथ बड़ी सफलता लगी है. नौ साल पहले रिलायंस कंपनी का टावर लगाने के नाम पर 52 लाख रुपए की ठगी कर वह फरार हो गया था . साइबर पुलिस ग्वालियर ने ठग को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया.

# कुपोषण से एक साल की लाड़ो की मौत

सीएमएचओ बोले, बच्ची को लेकर घर चले गए थे स्वजन



**शिवपुरी, 17 अगस्त. ग्राम खांदी में एक मासूम बच्ची दिव्यांशी पुत्री लाखन धाकड़ उम्र 1 साल तीन माह का उसके स्वजनों ने महज इसलिए इलाज नहीं कराया क्योंकि वह लड़की थी. परिणाम स्वरूप वह बीमार होकर कुपोषण का शिकार हो गई.**

दिव्यांशी ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया. इस पूरे मामले में सीएमएचओ का कहना है कि बच्ची को 1 अगस्त को दस्तक अभियान के तहत चिंहित किया गया. स्वजनों को इस बात के लिए समझाया गया कि वह बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवा दें, लेकिन उसके परिवार वाले उसे अस्पताल में भर्ती करवाने तैयार नहीं हुए. इसके बाद सरपंच से संपर्क कर मोहल्ले, पड़ौस के लोगों की पंचायत बुलवा कर दिव्यांशी के स्वजनों को समझाइश दी गई. इसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन इसके बावजूद उसके परिवार वाले उसे अस्पताल से लेकर घर भाग गए. आज बच्ची को जिला अस्पताल लेकर आए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी.

**पांच महीने से अपने मायके में बिहार थी मां :** सीएमएचओ डा संजय ऋषिश्वर के अनुसार बच्ची की मां खुशबू उसे लेकर पांच माह पहले अपने मायके चली गई थी. वहां से लौट कर आई तो एक अगस्त को बच्ची को चिंहित किया गया. 4 अगस्त को उसे सतनवाड़ा स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया. 5 अगस्त को सतनवाड़ा स्वास्थ्य केंद्र से बच्ची कि ो जिला अस्पताल रैफर किया गया.

# फांसी के फंदे से लटका मिला राजमिस्त्री

**कटनी, 17 अगस्त.** कुठला थाना क्षेत्र के लमतरा गांव में एक 55 वर्षीय मकान मिस्त्री का शव उसके घर में फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला. मृतक के सिर पर चोट के निशान होने से परिजनों ने इसे आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या का मामला बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है.मृतक की पहचान किशोरी लाल चौधरी के रूप में हुई है, जो पेशे से मकान निर्माण का काम करते थे और लंबे समय से लमतरा गांव के पावर हाउस के पास रह रहे थे. शनिवार देर शाम जब किशोरी लाल का शव फांसी से लटका मिला, तो परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी.

# सीएम हेल्पलाइन का हो रहा दुरूपयोग

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** प्रदेश के नागरिकों की समस्याओं का जल्द निराकरण करने के लिए सीएम हेल्पलाईन योजना शुरू की गई थी। योजना के तहत तीन स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी और निराकरण प्रक्रिया को बनाया गया हैं। लेकिन वर्तमान में कुछ शरारती तत्व और लाभ उठाने वाले लोगों द्वारा इस योजना का दुरूपयोग किया जा रहा हैं। इस योजना के माध्यम से फर्जी शिकायत की जा रही है और दबाव बनाकर परेशान करने का प्रयास हो रहा हैं। ऐसी फर्जी शिकायत को लेकर शासन से लेकर सरकार तक परेशान हैं। कुछ ऐसे ही शिकायतों को लेकर प्रमुख सचिव ने गत दिवस एसीएस लोक सेवा प्रबंधन को पत्र भी लिखा था। इसमें कुछ शिकायत का उल्लेख करते हुए बताया गया था कि बार-बार अलग-अलग योजनाओं और विभागों से जुड़ी एक जैसी शिकायतें की जा रही हैं। इन शिकायतों का उद्देश्य ब्लॅकमेलिंग हैं।

**ऐसे किया जा रहा परेशान:**शिकायत के बाद अधिकारी भी सीएम हेल्पलाईन की शिकायतें कटवाने के लिए लगातार दबाव बनाते हैं। वहीं कई बार तो एक ही नम्बर से कई शिकायतें आ जाती हैं। ऐसे मोबाइल नम्बर को सीएम हेल्पलाईन के लिए ब्लॉक किया जाना चाहिए। ऐसे सीएम हेल्पलाईन करने वालों की लिस्ट भी बनाई जानी चाहिए। एक ही व्यक्ति द्वारा 20 से 50नम्बरों से शिकायत की जाती है। अलग-अलग सीमों से फोन लगाने पर व्यक्ति को मोबाइल बंद आता है और फिर वह चालू कर कह देता है कि शिकायत का निराकरण नहीं हुआ हैं।

इस प्रकार सीएम हेल्पलाईन आगे बढ़ती रहती हैं। अधिकारी एवं अफसरों को यह चाहिए कि यदि प्रथम दृष्टि में यदि शिकायत गलत लग रही है तो व्यक्ति को बुलाकर चेक करें। सबसे बड़ी बात तो यह कि जो व्यक्ति सीएम हेल्पलाईन कर रहा है उसका सत्यापन करें। क्योंकि शिकायतकर्ता शिकायत कर समस्या निराकरण करवाना चाहता है.

# पुलिस के विरुद्ध व्यापारियों ने बंद रखी दुकानें

▸ पुलिस पर अवैध वसूली का आरोप

**रीवा/चाकघाट, 17 अगस्त, चाकघाट नगर में पुलिस के द्वारा मारपीट करके की जा रही अवैध वसूली के विरोध में 17 अगस्त को नगर बंद रहा.**



नगर के छोटे बड़े सभी दुकाने बंद थी. नगर बंद का आवाहन चाकघाट व्यापार मंडल के द्वारा आहूत की गई एक बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार बाजार बंद रखा गया. व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस के बढ़ते अत्याचार को लेकर हनुमान मंदिर में व्यापार मंडल की बैठक की गई. बजर बंदी के समय त्योंथर क्षेत्र के विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज भी चाकघाट में आकर व्यापारियों से चर्चा की एवं पुलिस अत्याचार की बात सुनकर कार्यवाही का आश्वासन दिया. इस दौरान नगर परिषद के अध्यक्ष विभव कुमार जायसवाल, अलख नारायण केसरवानी, धीरज, राकेश कुमार गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता गोलू, मुकेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे. बाजार बंद के दौरान ही भाजपा के नेता कौशलेश तिवारी तिवारी लाल की अगुवाई में तिरंगा यात्रा भी निकल गई जिसमें नगर एवं क्षेत्र के लोग सम्मिलित होकर तिरंगा यात्रा में शहीदों को याद किया.

### फूटा आक्रोश

चाकघाट के थाना प्रभारी घनश्याम मिश्रा के विरुद्ध अचानक लोगों का आक्रोश क्यों फूट पड़ा यह एक चर्चा का विषय बना हुआ है. थाना प्रभारी के रुप में घनश्याम मिश्रा के चाकघाट आगमन के पश्चात विभिन्न समारोहों में उन्हें सम्मानित किया जाता रहा. किन्तु घनश्याम मिश्रा के विरुद्ध अचानक विरोध इतना तेज हुआ कि चाकघाट नगर की दुकान बन्द रही. इस बार नगर बंड का आवाहन लगभग तीन दसक के बाद पहली बार किया गया है. हालांकि चाकघाट में पुलिस के विरोध में व्यापारियों ने इधर तीन दशक से बाजार बंद नहीं किया था.

# बिजली गिरने से पांच लोग झुलसे

## दो भैंसों की भी मौत, गड़ई गांव के सेमारीडोल की घटना

**सिंगरौली, 17 अगस्त. सरई थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गड़ई गांव के मोहल्ला सिमारी डोल में बीती रात तेज गरज-चमक और बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से बड़ा हादसा हो गया. घटना में दो भैंसों की मौत हो गई. वही घर के तीन सदस्य झुलस गये. जिनका उपचार जिला चिकित्सालय सीधी में चल रहा है.**



जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात करीब 12 बजे के बाद अचानक तेज चमक-गरज के साथ बारिश शुरू हुई. इसी दौरान घर के समीप गौशाला में आकाशीय गाज गिरने से दशरथ साहू पिता रजई साहू उम्र 45 वर्ष उनकी पत्नी शकुंतला साहू उम्र 42 वर्ष तथा बहू सोनू साहू पति रामसुशील साहू उम्र 23 वर्ष घायल हो गये. अन्य परिजनों के द्वारा घायलों को तत्काल नजदीकि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निवास में भर्ती कराया गया. इस हादसे में दो महिलाओं की हालत नाजुक होने पर चिकित्सको ने जिला चिकित्सालय सीधी के लिए रिफर कर दिया.

# धड़ल्ले से पवित्र नगरी में शराब का धंधा, कानून व्यवस्था चरमराई

**मंडला, 17 अगस्त. प्रदेश सरकार द्वारा धार्मिक नगरीय क्षेत्रों में एक अप्रैल से लागू की गई शराबबंदी मंडला में पूरी तरह फेल साबित हो रही है. नर्मदा तट पर बसे इस पवित्र नगर में न केवल शराब की खेप धड़ल्ले से पहुंच रही है, बल्कि गली-मोहल्लों में खुलेआम शराब का विक्रय और होम डिलेवरी तक का नेटवर्क खड़ा हो चुका है.**

हालत यह है कि सुराप्रेमियों के एक फोन कॉल पर पांच मिनट में मोपेड सवार युवक हर ब्रांड की शराब उनके घर तक पहुंचा रहे हैं. मंडला नगर में करीब एक सौ से अधिक अवैध ठिकाने सक्रिय हैं, जहां रोजाना वाहनों से खेप पहुंचाई जाती है. कई जगहों पर तो बाकायदा बारनुमा ठिकाने संचालित किए जा रहे हैं, जहां देर रात तक जाम छलकते हैं. इतना ही नहीं, शराब के अवैध कारोबार को लेकर लाइसेंसी ठेकेदारों और स्थानीय नेटवर्क में खींचतान बढ़ गई है. रात्रि में हथियारों के बल पर वाहन जांच तक की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे कानून व्यवस्था पर गहरा संकट मंडरा रहा है. प्रदेश सरकार ने नर्मदा किनारे पांच किलोमीटर तक शराब बिक्री प्रतिबंधित कर रखी है और मंडला नगर क्षेत्र में आठ साल से एक भी लाइसेंसी दुकान नहीं है. बावजूद इसके शराब का कारोबार लाइसेंसी दुकानों से कई गुना बढ़ गया है.

# पिपलिया में वेद प्रचार सप्ताह का समापन

## 125 वर्षीय संत ने दिए आशीर्वचन

**पिपलिया, 17 अगस्त. आर्य समाज पिपलिया द्वारा रक्षाबंधन से जन्माष्टमी तक आयोजित आठ दिवसीय वेद प्रचार सप्ताह का समापन जन्माष्टमी के दिन वैदिक पूर्णाहुति यज्ञ के साथ हुआ. रविवार सुबह आर्य समाज मंदिर परिसर में हुए इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि 125 वर्षीय संत स्वामी सर्वानंद महाराज ने श्रद्धालुओं को अपने आशीर्वचन प्रदान किए.**



स्वामी सर्वानंद महाराज ने वेद, धर्म और समाज सेवा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया. कार्यक्रम में आचार्य मुकेश आर्य (शाजापुर) के आचार्यत्व में यज्ञ संपन्न हुआ. उन्होंने महाभारत के प्रसंगों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से मिलने वाली शिक्षाओं पर प्रकाश डाला. अर्जुन आर्य ने महर्षि दयानंद पर आधारित भजन प्रस्तुत किया और भगवान कृष्ण के मूल स्वरूप का वर्णन किया. सत्येंद्र आर्य ने यज्ञमानत्व किया. आयोजन के दौरान सामाजिक समरसता और विश्व शांति की कामना की गई. इस अवसर पर आर्य समाज पिपलियामंडी के पदाधिकारी वेदप्रकाश आर्य (प्रधान), भोलाराम माली (मंत्री), रामगोपाल लोहार (कोषाध्यक्ष), नरेश पाटीदार (प्रचार मंत्री) और अर्जुन चावड़ा उपस्थित रहे.

सप्ताह भर चले इस वेद प्रचार अभियान में प्रतिदिन यज्ञ, धार्मिक प्रवचन और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. समापन अवसर पर इंद्रदेव गुर्जर ने आभार व्यक्त किया.

# मजार में तोड़फोड़ करने वाले चार आरोपियों को पकड़ा

**रीवा, 17 अगस्त, मजार में तोडफ़ोड़ कर धार्मिक झंडा फहराने के मामले में गुढ़ पुलिस ने चार आरोपियो को गिरफ्तार किया है. गुढ़ थाना अन्तर्गत गोरगी गांव में एक मजार में तोडफ़ोड़ कर धार्मिक झंडा फहराये जाने के बाद तनाव का माहौल पैदा हो गया था.**

सरारती तत्वो ने गाजी मिया की मजार को निशाना बनाया था. मजार में तोडफ़ोड़ कर भगवा झंडा फहरा दिया था. तनाव की स्थित को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने जल्द ही दोषियो को पकडऩे का आश्वासन देने के साथ शांति बनाए रखने की अपील की थी. घटना सामने आने के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया. सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा था. हरकत में आई पुलिस ने फरार आरोपियो की तलाश शुरू की. बताया गया है कि मजार के देख रेख करने वाले मो0 रफीक खान निवासी बिछिया थाना सिटी कोतवाली ने मजार में तोडफ़ोड़ की शिकायत की थी. अज्ञात व्यक्तियो के खिलाफ शिकायत के बाद पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू की और मुखबिर से मिली सूचना पर चार आरोपियो को धरदबोचा. गिरफ्तार आरोपियो में सुनील चौरसिया, सतीश चौरसिया, संदीप चौरसिया, सुधाकर उर्फ बाबा चौरसिया गुढ़ को गिरफ्तार किया है.

# लूट और चोरी की वारदातों का पर्दाफाश

पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नीमच, 17 अगस्त. पुलिस थाना जीरन ने लूट और चोरी की वारदातों का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.**



पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो कट्टे सोयाबीन, दो कट्टे अलसी, दो कट्टे गेहूं, चांदी के आभूषण, नगदी राशि तथा तीन मोटरसाइकिलें जब्त की हैं. आरोपियों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों सहित राजस्थान के प्रतापगढ़ में भी वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है. कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया, एसडीओपी किरण चौहान के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी जीरन उमेश यादव के नेतृत्व में की गई.

प्राप्त जानकार के अनुसार दिनांक 9-10 अगस्त 2025 की रात चीताखेड़ा पेट्रोल पंप के पास स्थित ढाबे पर 70 वर्षीय मोहनलाल माली निवासी चीताखेड़ा के साथ अज्ञात बदमाशों ने मारपीट कर सोयाबीन, अलसी, गेहूं के कट्टे, चांदी के आभूषण और 2000 रुपये नकद लूट लिए थे. जांच के दौरान मुखबिर सूचना पर पुलिस ने धर्मेन्द्र भाटी निवासी बोरदियाकला, पवन सोलंकी निवासी बोरदियाकला, राहुल मीणा निवासी बजरंगगढ़, जिला प्रतापगढ़, एवं विशाल उर्फ बिच्छु बाछड़ा निवासी सगरग्राम ने चीताखेड़ा ढाबा लूट की वारदात करना स्वीकार किया.

गहन पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ढाबा लूट के बाद उन्होंने ग्राम धामनिया थाना बघाना क्षेत्र से एक मोटरसाइकिल चोरी की. प्रतापगढ़ (राजस्थान) से भी एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी की. साथ ही थाना पिपलियामंडी क्षेत्र के ग्राम खेड़ा खदान के पास एक व्यक्ति से मारपीट कर बकरियां और नगदी भी लूटने की बात कबूल की. पुलिस अब अन्य वारदातों की जांच में जुटी है. इस सफलता में थाना प्रभारी उमेश यादव, उपनिरीक्षक राजेंद्रसिंह सिसोदिया, सहा. उपनिरीक्षक रामपाल सिंह राठौर की सराहनीय भूमिका रही.

# बड़ी बैंक डकैती का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर, 17 अगस्त. खितौला थाना क्षेत्र स्थित इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में 11 अगस्त को हुई बड़ी डकैती का पुलिस ने खुलासा कर दिया है.**



पुलिस ने डकैती में शामिल चार आरोपियों रहीस लोधी, सोनू वर्मन, हेमराज और विकास चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर लिया है. इनके कब्जे से 1, 83, 000 नगद, एक कट्टा, चार जिंदा कारतूस, दो मोटरसाइकिल, चार मोबाइल फोन और अन्य सामग्री बरामद की गई है. गौरतलब है कि पांच अज्ञात आरोपियों ने बैंक कर्मचारियों को डरा-धमकाकर बैंक का लॉकर तोड़कर 14 किलो 875 ग्राम सोना और 5, 08, 000 रूपये नकद लूट लिया था. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक, उप महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे थे और विशेष जांच टीमें बनाई गई थीं. जांच के दौरान सी सी टी व्ही फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और मौखिक गवाहियों के आधार पर पता चला कि आरोपियों ने इन्द्राना कस्बे में किराए का मकान लेकर इस वारदात को अंजाम दिया था. फिलहाल पांचवीं टीम शेष आरोपी की तलाश में जुटी है. पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है.

**मनमानी** ▸ प्रतिबंध के बावजूद ट्राली में सफर कर रहे लोग

# सिस्टम की लाचारी, ट्रैक्टर-ट्राली पर सवारी

**जावद, 17 अगस्त. आए दिन नीमच जिले में ट्रैक्टर-ट्राली पलटने की घटनाएं सामने आ रही हैं. लापरवाही के कारण ट्रैक्टर-ट्राली में सवार कई लोगों ने हादसे में जान गंवाई है. आए दिन कहीं न कहीं ट्रैक्टर-ट्राली पलटती है और उसमें दबने से लोग अकाल मौत मारे जाते हैं.**



मूल रूप से कृषि कार्यों के लिए अधिकृत ट्रैक्टर-ट्राली का उपयोग शादियों और धार्मिक आयोजनों में, भारी-भरकम सामान ढोने में ज्यादा किया जा रहा है. जानकारों के अनुसार ट्रैक्टर-ट्राली की संरचना ही ऐसी है कि उसे यात्रा के लिए सुरक्षित नहीं कहा जा सकता. बावजूद इसके दुरुपयोग को रोकने वाला कोई नहीं है. ट्रैक्टर-ट्राली हादसों की बड़ी वजह अप्रशिक्षित ड्राइवर भी हैं. यातायात और परिवहन के नियमों का सर्वाधिक उल्लंघन ट्रैक्टर-ट्राली संचालन के दौरान देखा जा सकता है. ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का उपयोग कृषि कार्य के अलावा मजदूरों को लाने-ले जाने और बरातें ले-जाने में भी हो रहा है. अधिकांश चालकों के पास लायसेंस तक नहीं होता. परिवहन और पुलिस विभाग बड़ा हादसा होने पर चालानी कार्रवाई करता है. रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान चलता जरूर है लेकिन सिर्फ नाम के लिए. अधिकतर ट्रैक्टर-ट्राली में पीछे टेल लाइट या रिफ्लेक्टर नहीं होते. ट्रैक्टर-ट्राली हाईवे पर दौड़ते ही हैं, चाहे जहां सडक़ों के किनारे खड़ी भी कर दी जाती हैं.

बिना पंजीयन वाले ट्रैक्टर-ट्रालियों की संख्या भी अच्छी-खासी है. मजदूरी के लिए लोगों को ले जाने में ट्रैक्टर-ट्रालियों का यहां भरपूर उपयोग होता है. इसके चलते हादसों में कई लोगों की जानें भी जा चुकी हैं. कई बार देखने मे आता है कि बिना लाइसेंस व नाबालिग भी ट्रैक्टर चलाते दिखते है.

ट्रैक्टर-ट्राली का उपयोग अप्रैल और मई के दौरान विवाह समारोह भरपूर होता है. फसल कटाई के दौरान मजदूरों को भी एक जगह से दूसरी जगह ट्रैक्टर-ट्राली में ही ले जाया जाता है. अधिकांश ट्रैक्टर-ट्राली बिना नंबर वाली ही नजर आएंगी. कहीं ट्रैक्टर पर नंबर दिख जाते हैं, लेकिन ट्राली पर कभी नंबर नजर नहीं आते. जिले में 11 हजार से अधिक ट्रैक्टर और 2600 से अधिक ट्रॉलियां रजिस्टर्ड हैं. इनमें से अधिकांश में यातायात नियमों का पालन नहीं हो रहा.

# दुधाना सरपंच ने 1000 बहनों को बांटी साड़ी

▸ श्रीकृष्ण जन्म अष्टमी पर किया आयोजन

**मोहन बड़ोदिया, 17 अगस्त. मोहन बड़ोदिया जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत दुधाना के सरपंच एवं राष्ट्रीय सरपंच संघ जिला अध्यक्ष राकेश जायसवाल के तत्वावधान में आयोजन किया.**



ग्राम पंचायत दुधाना में कार्यक्रम आयोजित कर समस्त माताओं, बहनों के सम्मान में रक्षाबंधन के आठ दिवसीय पावन पर्व के उपलक्ष्य में श्रीकृष्ण जन्म अष्टमी पर एक हजार माताओं, बहनों को नि:शुल्क साड़ी का वितरण किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम पंडित नित्यप्रकाश शर्मा द्वारा पूजन अर्चन करवाया गया. इसके उपरांत ग्राम पंचायत के सरपंच ने गुलाब के पुष्पों से पुष्पवर्षा कर समस्त माता बहनों का सम्मान किया. तत्पश्चात सरपंच ने स्वयं के अपने निजी खर्च से अपनी ओर से उपस्थित ग्राम पंचायत दुधाना की सभी माताओं, बहनों को साड़ी वितरित कर सरपंच राकेश जायसवाल ने धर्म लाभ प्राप्त किया. श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर ग्राम पंचायत सरपंच एवं राष्ट्रीय सरपंच संघ जिला अध्यक्ष राकेश जायसवाल द्वारा आयोजित निश्शुल्क साड़ी वितरित कार्यक्रम में माताएं और बहनों ने बड़ी संख्या मे पधारकर सरपंच राकेश जायसवाल को प्रेम स्नेह और राखी बांधकर सरपंच को आशीर्वाद दिया.